## एक नजर में

### हमारा परिवार एवं सनातन परंपरा पर व्याख्यान कल

इंदौर. मां भारती के सेवक, राम भक्त समाजसेवी सेठ स्व. श्यामदास अग्रवाल के जन्मदिवस पर शुक्रवार, 27 जून को प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शाम 7 बजे से जाल सभागृह में 'हमारा परिवार एवं सनातन परंपरा' विषय पर म.प्र. साहित्य अकादमी के निर्देशक डॉ. विकास दवे का व्याख्यान होगा. श्यामदास जगन्नाथ धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के रामदास गोयल, सीए ओमप्रकाश अग्रवाल एवं राधेश्याम शर्मा गुरूजी ने बताया कि स्व. श्यामदास अग्रवाल के सदकर्मों की स्मृतियों को चिरंजीवी बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 27 जून को भारतीय संस्कारों पर आधारित विषय पर आयोजन किए जाते रहे हैं. इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी शहर के गणमान्य स्नेहीजनों की मौजूदगी में डॉ. दवे के व्याख्यान का कार्यक्रम होगा. आयोजन समिति के डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा, डॉ. लोकेश जोशी, अंबिका शरण शास्त्री, नारायण अग्रवाल 420 पापड़ एवं दीपक लालका ने सुधिजनों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है.



### विंध्य वासिनी मंदिर पर आज से 9 दिवसीय अनुष्ठान

इंदौर. देवास नाका, निरंजनपुर रोड स्कीम 114 स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां जगवंती देवी धाम पर गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में आज से नौ दिनों तक नवमीं 4 जुलाई तक नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक एवं सायं 5 से रात 11 बजे तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे. मंदिर के प्रमुख पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में मां विंध्यवासिनी का प्रतिदिन दोनों समय नित्य नूतन श्रृंगार, पूजन एवं अभिषेक का क्रम चलेगा. मंदिर आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए प्रतिदिन पं. पाठक के निर्देशन में यज्ञ-हवन भी होंगे. भक्तों की सुविधा के लिए अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के विशेष प्रबंध किए गए हैं. इस दौरान सुबह एकम तिथि से नवमीं तक श्रृंगार दर्शन, पूजा-अर्चना, भजन-संकीर्तन एवं रात्रि में महाआरती सहित विभिन्न अनुष्ठान विद्वान पंडितों के निर्देशन में होंगे.



### विजय मारुति हनुमान मन्दिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव

इंदौर. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनेगा. आयोजन नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में होगा. श्री मानस मन्दिर धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास का यह 35 वा वर्ष है. प्रवीण जोशी ने बताया कि 10 जुलाई गुरुवार को सुबह 9 बजे से गुरुजी का पाद पूजन होगा. भक्तों को गुरुजी नामदान भी देगे। इस आयोजन में इंदौर, बड़वाह, हरदा आदि स्थानों से बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे. मुख्य आयोजन 10 जुलाई को शाम 6 बजे से होगा।1008 दीप प्रजवलित किये जायेंगे. आतिशबाजी होगी. श्री वैष्णवी महिला मंडल की ओर से महंत मंगलदास महाराज का विशेष सम्मान होगा.



### टीवी की बहुएं झुमकों को बना रही नया फैशन स्टेटमेंट!

इंदौर. टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्रियों गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) के लिये खासकर झुमके अब सिर्फ गहने नहीं, बल्कि इन कलाकारों की ऑन-स्क्रीन पहचान का अहम हिस्सा बन गए हैं. गीतांजलि मिश्रा बताती हैं राजेश बनने से पहले भी मुझे झुमकों से प्यार था, लेकिन इस किरदार ने उसे और बढ़ा दिया है. राजेश के झुमकों को दर्शकों से जो प्यार मिलता है, वो वाकई हैरान करने वाला हैं. मुझे हमेशा से यूनिक ईयररिंग्स पसंद रहे हैं और अब ये शौक एक जुनून बन गया है. मेरे कलेक्शन में आज 200 से ज्यादा झुमकों की जोड़ियां हैं. शुभांगी अत्रे कहती हैं अंगूरी के झुमकों की अपनी एक अलग पहचान है. मेरे लिए ईयररिंग्स सिर्फ एक्सेसरीज़ नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं, परंपरा और यादें समेटे हुए होते हैं. मुझे हमेशा से झुमकों का बहुत शौक रहा है और अब ये एक पर्सनल कलेक्शन में बदल गया है.

### एल5 श्रेणी के पूर्व सब डीलर ने टेरा मोटर्स को चुना

इंदौर. जापानी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेरा मोटर्स ने भारत में अपने मजबूत और पारदर्शी डीलरशिप मॉडल के माध्यम से तेजी से विस्तार करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. एक अग्रणी एल5 ईवी ब्रांड के पूर्व सब-डीलर ने अब टेरा मोटर्स के साथ बतौर अधिकृत मुख्य डीलर साझेदारी की है. राकेश शर्मा, मालिक, ज्योति एंटरप्राइजेज (नव नियुक्त डीलर), ने इस अवसर पर कहा ईवी क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों तक सब-डीलर के रूप में कार्य करते हुए मैंने महसूस किया कि पूर्व ब्रांड के अंतर्गत लाभ और विस्तार की संभावनाएं सीमित थीं. टेरा मोटर्स का ब्रांड, उनकी पारदर्शी नीति और जापानी गुणवत्ता से जुड़ाव ने मुझे प्रभावित किया. टेरा मोटर्स के प्रबंध निदेशक गो सुज़ुकी ने कहाहमारा उद्देश्य केवल मुनाफा साझा करना नहीं, बल्कि साझेदारों की चुनौतियों को साथ मिलकर हल करना है. हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं जहां डीलर सीधे प्रबंधन से संवाद कर सकते हैं.

### टेक्नो ने स्मार्टफोन स्पार्क गो2 लॉन्च किया

इंदौर. यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए टेक्नो ने स्पार्क गो2 लॉन्च किया है. स्पार्क गो 2 अविश्वसनीय रूप से कम मूल्य, में सबसे जबरदस्त स्माटफोन और नैक्स्ट-जनरेशन की टेक्नोलॉजी लेकर आ रहा है। इस इनोवेशन के साथ टेक्नो की इन-हाउस एआई असिस्टेंट, एला न केवल आपके हर सवाल का जवाब देती है, बल्कि सारांश तैयार करने, इमेज बनाने और मैथ के सवाल हल करने जैसे काम भी आसानी से कर लेती है. इस लॉन्च के बारे में अरिजीत तालपत्र सीईओ, टेक्नो इंडिया ने कहा टेक्नो में हमारा मानना है कि अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी केवल कुछ प्रबुद्ध लोगों का विशेषाधिकार नहीं होनी चाहिए. स्पार्क गो 2 के साथ हम नैक्स्ट जनरेशन के फीचर्स, जैसे एआई असिस्टेंट, अल्ट्रा-स्मूथ 120 हर्ट्ज़ डिस्प्ले, और नेटवर्क फ्री कॉलिंग केवल 6,999 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं.

### साइलेंट किलर एलडीएल को न करें नज़रअंदाज़

इंदौर. देशभर में दिल की बीमारियों- खासतौर पर हार्ट अटैक- के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. लेकिन डॉक्टरों को एक और गंभीर खतरे की आहट महसूस हो रही है, और वह है हाई एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, जिसे आमतौर पर बैड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है. अब यह खतरा भारत के युवाओं में भी तेजी से पनप रहा है, जो एक 'साइलेंट थ्रेट' यानी चुपचाप नुकसान पहुंचाने वाला खतरा बन गया है. इंदौर स्थित अपोलो हॉस्पिटल की सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और कैथलैब डायरेक्टर डॉ. सरिता राव कहती हैं, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का आथेरोस्क्लेरोसिस में अहम रोल होता है. यह धीरे-धीरे धमनियों में जमा होकर प्लाक बनाता है और रक्त प्रवाह में बाधा डालता है। सबसे चिंता की बात यह है कि हाई एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की शुरुआत में कोई लक्षण नजर नहीं आते. जब तक सीने में दर्द या कोई चेतावनी संकेत महसूस होता है, तब तक दिल का दौरा पड़ने का खतरा बन चुका होता है। ऐसे में बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए हाई एलडीएल को लक्ष्य सीमा तक लाना दिल की बीमारियों से बचाव का सबसे जरूरी कदम है.

### नेटफ्लिक्स ने 'आप जैसा कोई' का ट्रेलर जारी किया

इंदौर. जब एक शांत 42 वर्ष के पुरुष का सामना अपने उस पहलू से होता है, जिसके बारे में वह कभी जानता ही नहीं था, तब उसके द्वारा अपने जीवन के नियमों को दोबारा लिखने की शुरुआत होती है, फिर इसके बाद क्या होता है? नेटफ्लिक्स ने आप जैसा कोई का ट्रेलर जारी किया है. इसमें आर. माधवन श्रीरेणु त्रिपाठी और फातिमा साना शेख मधु बोस के किरदार में हैं. इस फिल्म में जमशेदपुर और कोलकाता के दो अलग-अलग समाजों में रहने वाले किरदारों की कहानी दिखाई गई है. अपनी आदत और परंपरा का दृढ़ता से पालन करने वाला श्रीरेणु पुरुषत्व, अपनेपन और भावनात्मक अभिव्यक्ति को नए सिरे से तलाशने की शुरुआत करता है. वहीं मधु एक साहसी महिला है, जो खुद को समाज के बनाए गए ढांचों में नहीं ढालना चाहती है. श्रीरेणु को मधु में एक रोमांटिक पार्टनर तो मिल जाता है, पर वह उसकी अपनी शर्तों का आईना भी है. आप जैसा कोई केवल रोमांस की कहानी नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों को वापस पाने की कहानी बन जाती है.

# बुजुर्गों की सेवा, सम्मान व सुरक्षा हमारी संस्कृति : मुख्यमंत्री

- वृद्ध जनों के सर्व सुविधा युक्त स्नेह धाम का किया लोकार्पण
- आईडीए की योजनाओं में 565 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए द्वारा बुजुर्गों के लिए 18 करोड़ की लागत से निर्मित स्नेह धाम का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि वृद्धों के लिए निर्मित भवन सिर्फ सामाजिक सुरक्षा नहीं, बल्कि सुरक्षित आवास सुविधा भी देगा. यह वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है. मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आईडीए की विभिन्न योजनाओं में 565 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया.**

आईडीए द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से योजना 134 में 6 मंजिला भवन का निर्माण किया गया है. उक्त भवन का निर्माण 18 करोड़ की लागत से किया गया है, जिसको 'स्नेह धाम' भवन नाम दिया है. स्नेह धाम भवन में बुजुर्गों के लिए भोजन, चिकित्सा, मनोरंजन, स्वाध्याय, ध्यान और परामर्श जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं. उक्त स्नेह धाम भवन में बुजुर्गों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है. लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ सामाजिक ढांचा बदला है, कई बुजुर्ग दंपत्ति आज अकेले हैं, किसी के बच्चे विदेश में हैं तो कोई नौकरी के कारण दूर शहरों में रहते हैं. ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, आत्मसम्मान और सुसज्जित आवास की आवश्यकता को स्नेह धाम जैसी पहल पूरी करेंगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर सिर्फ स्वच्छता में ही नहीं, बल्कि सामाजिक नवाचारों और जनकल्याण की दिशा में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है. यह अपने आप में एक बड़ा संवेदनशील कदम है, जो बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और सुरक्षा हमारी संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न अंग है.






### विकास कार्यों की दी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकार्पण कार्यक्रम में आईडीए की विभिन्न योजनाओं में 565 करोड़ रुपए ज्यादा लागत के विकास कार्यों की सौगात भी दी. उन्होंने 90 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया और 476 करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का शिलान्यास किया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, मनोज पटेल तथा गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष सावन सोनकर, संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, आईडीए सीईओ आर.पी.अहिरवार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.




# इमरजेंसी के बाद भाजपा ने अपना कद कांग्रेस से बड़ा करके दिखाया : त्रिवेदी

**इंदौर. देशभर में 25 जून का दिन बीजेपी आपातकाल को काले अध्याय के रूप में मना रही है. 24 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसे 21 मार्च 1977 में आधिकारिक रूप से समाप्त किया गया था. आपातकाल 21 महीने चला था।** इसे इतिहास का सबसे काला दौर माना जाता है, आपातकाल के तुरंत बाद हुए चुनाव में इंदिरा गांधी को हार मिली थी. 1980 में उन्होंने पूरी सत्ता के साथ वापसी की थी. उस दौरान आपसी मतभेदों के कारण जनता पार्टी के बिखर जाने का दर्द आज भी भाजपा नेताओं के बीच है.

यह बात बीजेपी सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आज प्रेसवार्ता में कही. आज सुधांशु त्रिवेदी ने इमरजेंसी को लेकर शाम को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप संबोधित करेंगे. उन्होंने आपातकाल के बाद जनता पार्टी के बिखरने का दर्द साझा किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि उस समय जनता पार्टी में आपसी मतभेद और अहम का भाव बढ़ गया था. इस पर दुखी होकर अटलजी ने एक पंक्ति लिखी थी. अटलजी की पंक्ति से पता चलता है कि क्यों जनता पार्टी टूट गई? उन्होंने लिखा था 'लगी कुछ ऐसी नजर, बिखरा शीशे का शहर, अपनों के मेले में मीत नहीं पाता हूं, गीत नहीं गाता हूं...'. त्रिवेटी ने आगे कहा कि इस टूट के बाद से भाजपा की नई यात्रा प्रारंभ हुई. हम 1980 में बने और उसके बाद बीजेपी एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने अपना कद भारत की राजनीति में कांग्रेस से बड़ा करके दिखाया है. शायद कांग्रेस ने सोचा होगा कि हमने जनता पार्टी को तुड़वा दिया, लेकिन वहीं से भारतीय जनता पार्टी के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त हो सका.



## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप की मासिक सभा

इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप इंदौर की मासिक साधारण सभा जाल सभागृह में आयोजित की गई. अध्यक्ष सुरेशजी देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी. अभी तक ग्रुप द्वारा 300 स्वास्थ नेत्र शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा चुका है, जिसमे 15100 निशुल्क मोतियाबिंद के आपरेशन किये जा चुके है तथा 1.10 लाख चश्मों का वितरण किया जा चुका है. सभा में वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व डीन म. यशवन्तराव चिकित्सालय डॉ डी. के. तनेजा ने जीवन के 100 वर्ष और उससे अधिक कैसे जिये इस विषय पर अपने उदगार व्यक्त किये. सभा में भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेशजी सकलेचा, महेशजी डाकोलिया, अनोखीलालजी जैन, बीएल पावेचा आदि उपस्थित थे. संचालन सचिव अरविन्द चौधरी ने किया. आभार प्रदर्शन जिनेंद्रकुमार पारख ने माना.

# मंदिर की जमीन से अवैध गुमटियां, टीन शेड हटाए

- नगर निगम ने रिमूवल अमले ने छावनी में की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के रिमूवल दल ने आज छावनी में मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. निगम जनसुनवाई में छावनी स्थित कलाली मोहले में चारभुजा नाथ मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण और कब्जे के शिकायत मिली थी. निगम ने शिकायत का आज निराकरण करते हुए गुमटी और टीन शेड तोड़ दिए.**

उल्लेखनी है कि 20 जून को निगम रिमूव्हल कार्यवाही के दौरान झोन क्रमांक 12 के अंतर्गत रिमूव्हल टीम द्वारा 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पदवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की भूमि पर अवैध गुमटियां, टीन शेड बनाकर कब्जा करने की शिकायत जनसुनवाई में आई थी. उक्त शिकायत के निराकरण के लिये निगम की रिमूव्हल टीम जब मौके पर रिमूव्हल कार्रवाई करने पहुंची थी. कारवाई के दौरान विवाद और अभद्र व्यवहार किया गया था. अवैध निर्माण और कब्जाधारी नीलम सोनकर, बृजराज सोनकर, बंटी सोनकर, गौरव सोनकर ने निगम की रिमूवल कारवाई का विरोध किया था और जेएसबी मशीन के सामने लेट कर शासकीय कार्य में बाधा डाली थ. निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया था.

उक्त घटना को लेकर निगम भवन अधिकारी राहुल सुर्यवंशी ने थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी. निगम की उक्त कारवाई को रोकने के लिए हाईकोर्ट में स्टे के लिए याचिका दायर की गई थी. हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी. आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इसके बाद आज नगर निगम की रिमूवल टीम ने चारभुजा नाथ मंदिर की जमीन से अवैध गुमटियां टीन शेड हटा दिए गए. कारवाई के दौरान अपर आयुक्त लता अग्रवाल, रिमूवल अधिकारी अश्विन कल्याणे एवं विनीत तिवारी और रिमूवल दल के कर्मचारी उपस्थित थे.



# परिवार का रक्षा कवच होता है पिता

- स्वस्तिक ग्रुप ने किया हैप्पी फैमिली फादर डे सेलिब्रेशन

**इंदौर. जीवन जीने के लिए परिवार का होना जरूरी है और जहां परिवार में पिता होता है वह परिवार एक रक्षा कवच से घिरा होता है. वर्तमान समय में परिवार की महत्ता समझने और समझाने के लिए जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप, इंदौर स्वस्तिक ने हैप्पी फैमिली फादर्स डे स्पेशल मीटिंग का आयोजन किया.**

स्वस्तिक ग्रुप संस्थापक प्रभात-प्रतिभा चोपड़ा एवं अध्यक्ष आशीष-नेहा पारख ने बताया कि स्वस्तिक ग्रुप का हर सदस्य परिवार के रूप में ग्रुप के सभी सदस्यों के लिए हर सुख-दुख में एक साथ खड़ा रहता है. खुशहाल परिवार अवधारणा पर स्वस्तिक परिवार द्वारा हैप्पी फैमिली फादर्स डे थीम पर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें इस बार सदस्यों के माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया. सदस्यों द्वारा पिता की महत्ता को बताते हुए बहुत ही बढ़िया डांस, ड्रामा, गीत व स्पीच की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में सभी भाव-विभोर हो गए और उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे. संचालन ग्रुप संरक्षक पंकज-प्रगति बाफना और उपाध्यक्ष प्रगति-पारस हरकावत ने किया. प्रगति हरकावत ने पिता को समर्पित सुंदर कविताएं प्रस्तुत की.




### 51 सेवा कार्य का लक्ष्य

पंकज बाफना ने बताया कि ग्रुप अध्यक्ष आशीष नेहा पारख के कार्यकाल में लगातार 41 मानव सेवा कार्य कर चुका है और 51 सेवा कार्य का लक्ष्य निर्धारित किया है. कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक मनीष-प्रियंका ने की. इस अवसर पर ग्रुप के आधार स्तंभ संस्थापक प्रभात-प्रतिभा चोपडा का अभिनंदन किया गया. फेडरेशन से पधारे संजय- सुनीता नाहर, वीरेंद्र-मधु नाहर, अरिहंत - छाया जैन का स्वागत सुभाष सरोज श्रीमाल, निलेश मीना जैन, प्रदीप माधवी जैन, अभिषेक मेघा मोदी,अमित अदिति लूणावत, संजय मंजू पोरवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया.




## डॉ. विरमाल को साहित्य शिरोमणि सम्मान

नव भारत न्यूज

**इंदौर ब्रह्मसत्य मासिक पत्रिका भोपाल द्वारा 30 वां वार्षिक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर क्रिश्चियन कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष साहित्यकार डॉ.पंकज विरमाल को साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया.** देश भर से आये साहित्यकारों का यह सम्मेलन भोपाल के शुभइन होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमेश शर्मा न्यायाधीश चंडीगढ़ थे. पूर्व आइएएस अरुण शर्मा ने अध्यक्षता की. विशेष अतिथि लेखक डॉ. दयानंद तिवारी मुंबई, वरिष्ठ पत्रकार रायतपन भारती इलाहाबाद तथा रघुवीर शर्मा उपनिदेशक राजभाषा दिल्ली थे. कार्यक्रम का संचालन हरिबाबु शर्मा प्रचंड टीकमगढ़ ने किया. आभार पत्रिका के संपादक अक्षय कुमार राय ने माना.



## सैन्यकर्मियों को सौंपे उपकरण व पुरस्कार

इंदौर. रोटरी डिस्ट्रीक्ट 3040 के स्थापना दिवस के अवसर पर सह मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रजनीश जायसवाल की कंपनी मेट्रो झोन ग्रुप के द्वारा इंडियन आर्मी के कारगिल स्थित 8 माउंटेन आर्टिलेरी ब्रिगेड के कमांडर के विशेष अनुरोध पर आगामी कारगिल विजय दिवस 2025 के उपलक्ष्य में शहीदों की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले तीरंदाज़ी प्रतियोगिता के विजेता के लिए राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज़ी उपकरण प्रायोजित किया गया. इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रीक्ट 3040 के वर्तमान गवर्नर अनीश मलिक, आगामी गवर्नर सुशील मल्होत्रा, पुर्व गवर्नर गजेंद्र नारंग, रोटेरियन दिनेश शर्मा की उपस्थिति में कारगिल से विशेष रूप से आये हुए सैन्यकर्मियों को ये उपकरण एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों के लिए प्रायोजित पुरस्कार सौंपे गये. रोटरी डिस्ट्रीक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयरमैन के अनुसार मेट्रोझोन ग्रुप जिसके भी रोटेरियन मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश जायसवाल हैं, उनके द्वारा भारतीय सेना के साथ उनकी ऑपरेशन सद्भावना के तहत विगत 12 वर्षों से जम्मू से लद्दाख एवं नॉर्थ इस्ट राज्यों के सुदुर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मेडिकल कैंप आयोजित किया जाता है. इसमें अबतक लाखों की संख्या में मरीज़ों का इलाज किया जा चुका है और आगामी 5 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के दौरान केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के द्रास, बटालिक, कारगिल, पश्चिम हिमालय की सुरु घाटी, ब्यामह सेक्टर में आयोजित होने वाले मेडिकल कैंप के लिए भी बड़े पैमाने पर दवाइयाँ भेजीं जा रही हैं।

**कार्यक्रम** — फिक्की फ्लो के आयोजन में इंदौर आई इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल टीम

# आँखों पर पट्टी बांधकर जाना कितना कठिन है ब्लाइंड फुटबॉल

इंदौर. बुधवार की दोपहर इंदौर के लिए बेहद खास रही जब इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल टीम के मेंबर्स अपने कोच के साथ क्लब 19 टर्फ में फिक्की फ्लो इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे. इस कार्यक्रम में फ्लो इंदौर चैप्टर की प्रेसिडेंट सीए श्वेता अग्रवाल ने एक इंटेरेक्टिव सेशन के जरिए जाना किस तरह आँखों पर पट्टी बांधकर पूरी तरह ब्लैक आउट होने के बाद टीम के मेंबर्स ने भारत को फुटबॉल पेरा वर्ल्ड कप के सेमीफइनल तक पहुंचा दिया.

इस दौरान मध्यप्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल असोसिएशन के सेक्रेटरी मो शहीद ने बताया कि इस खेल में हर टीम में 5 खिलाड़ी होते हैं, जिनमें से चार पूरी तरह दृष्टिहीन होते हैं और एक गोलकीपर देख सकता है. कोच भी अपने खिलाड़ियों को मैच के दौरान गाइड करते हैं. बॉल का आकार सामान्य फुटबॉल से छोटा होता है और बाउंस कम हो इसलिए इसे थोड़ा भारी भी बनाते हैं. खिलाड़ी आपस में ना टकराए इसलिए हर चार सेकंड में 'वाई' बोलते हैं. कार्यक्रम के अंत में फ्लो के मेंबर्स ने भी ब्लाइंड फोल्ड करके खुद भी गोल करने का प्रयास कर जाना कि ब्लाइंड फुटबॉल कितना मुश्किल होता है. इस तरह गोल करने वाले मेंबर्स और बच्चों को इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल टीम के मेंबर्स की साइन की हुई फुटबॉल भी दी गई.




### हर प्लेयर अपने आपमें मिसाल

गोलकीपर हर्षिता ने बताया कि मैं नार्मल फुटबॉल खेलती थीं तब मेरे कजिन ऋषि ने मुझे ब्लाइंड फुटबॉल टीम के बारे में बताया और अब मुझे नार्मल फुटबॉल से ज्यादा मज़ा इसमें आता है. इन प्लेयर्स को खेलते देखना बेहद प्रोत्साहित करता है. प्लेयर प्रकाश चौधरी ने कहते हैं कि जब इंटरनेशनल मैच के दौरान राष्ट्रगान बजता है तो दिल की धड़कने बढ़ जाती है. बेहद गर्व होता है कि इतना हम्बल बैकग्राउंड से आने के बाद हम भारत को रिप्रेजेंट करते हैं.

### फ्लो मेंबर्स को मिला मंच

कार्यक्रम के दौरान सीए पायल खंडेलवाल और आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ शिवानी जोशी ने अपने काम से जुड़ा प्रेजेंटेशन दिया, जिससे बाकि फ्लो मेंबर्स के सामने उन्हें अपने काम के बारे में बताने का मंच मिला. फ्लो इंदौर चैप्टर की प्रेसिडेंट सीए श्वेता अग्रवाल कहती हैं कि हमारा उद्देश्य यह है कि फ्लो से जुड़ी हर मेंबर हमारे अलग-अलग इनिशिएटिव के जरिए अपने काम को आगे बढ़ा पाएं.